जेनेसिस फाउंडेशन का सीईओज़ सिंग फॉर जीएफ किड्स का 13 वां एडिशन सफलता के साथ सम्पन्न हुआ

गंभीर रूप से बीमार बच्चों की जिंदगी के लिए 13 कॉर्पोरेट हेड्स की रैली

गुड़गांव। जेनेसिस फाउंडेशन के सीईओज़ सिंग फॉर जीएफ किड्स के तेरहवें एडिशन को जश्न के माहौल के बीच गंभीर रूप से बीमार बच्चों की मदद के लिए जीएफ की प्रतिबद्धता प्रदर्शित हुई। इस शाम को 13 बिज़नेस लीडर्स एक ही लक्ष्य-गंभीर रूप से बीमार 8 बच्चों की मदद के लिए फंड इकट्ठा करने के लिए एक साथ खड़े हुए।

गुड़गांव के होटल क्राउन प्लाज़ा में आज जश्न का माहौल था, इस ईवेंट में कई हस्तियां मंच पर दिखाई दीं, जिन्होंने दर्शकों को मोहित कर दिया। इस मनोरंजक शाम को दर्शकों के भारी उत्साह के कारण वे डांस फ्लोर पर नाचने के लिए मजबूर हो गए।

पेर्नोद रिकर्ड और मिनी के द्वारा सपोर्टेड इस अनूठी फंड रेज़र सीरीज़ में भाग लेने वाले सीईओ ने अपनी गायन कला का प्रदर्शन करते हुए बॉलीवुड से किशोर कुमार, मुकेश, हेमंत कुमार और सुनिधि चैहान आदि के कई गाने गाए।

इस साल सीईओज़ सिंग में मंच पर गाने वाले सीईओ में शामिल रहेः संजय कपूर, चेयरमैन, (माईक्रोमैक्स इनफॉर्मेटिक्स लि.), वाई एम देवस्थली, (चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, एल एण्ड टी फाईनेंस होल्डिंग्स), सिराज एचैधरी (चेयरमैन, कारगिल इंडिया), अजय कौल (सीईओ, जुबिलैंट फूड्स), अशिम दास (सीईओ, मेहाला मशीस इंडिया लि.), डॉ. हरीश महाजन (संस्थापक एवं चीफ रेडियो लॉजिस्ट, महाजन इमेजिंग), पी बालाजी (डायरेक्टर रेगुलेटरी एण्ड एक्सटर्नल अफेयर्स, वोडाफोन इंडिया लि.), विपिन रहेजा (सीएमडी, नेपिनो ऑटो एण्ड इलेक्ट्रॉनिक्स लि.), सुनील सचदेवा (को-फाउंडर, मेडांटा मेडसिटी), राधिका तनेजा (मैनेजिंग पार्टनर, सवितार सर्च सॉल्यूशंस), रंजन चोपड़ा (सीईओ, टीम कंप्यूटर्स), डॉ. सोनू तलवार (सीईओ, नोवा फर्टिलिटी क्लिनिक), कृष्णन चटर्जी (सीनियर वाईस प्रेसिडेंट एवं हेड ऑफ स्ट्रेट्जिक मार्केटिंग, एचसीएल टेक्नॉलॉजीज़) आदि।

आज तो सबको स्टैंडिंग ओवेशन मिल रहे थे। कृष्णन चटर्जी ने काफी मीठी शुरुआत की। अशिम, अजय, सिराज, डॉ. हर्ष और संजय ने रोमांटिक गाने गाए, जबकि पी.बालाजी और डॉ सोनू ने सबको थिरकने पर मजबूर कर दिया। रंजन ने मदहोश करने वाली मेलोडीज़ से सबका मन मोह लिया। उनके साथ लोकप्रिय जैज़ आर्टिस्ट वैलेंटाईन शिपले ने भी अपनी पेशकश दी। शाम का समां विपिन रहेजा ने बांध दिया, जिन्होंने झुमरू के साथ लय स्थापित की। उन्होंने किशोर कुमार की हिट्स के साथ सभी का मन मोह लिया। जल्द ही उनके साथ मंच पर दूसरे सीईओ गायक आ गए और यह शाम मनोरंजन, संगीत, डांस और एक महान लक्ष्य के लिए एक दिव्य ऊर्जा में तब्दील हो गई।

जेनेसिस फाउंडेशन के फाउंडिंग ट्रस्टी प्रेम सागर ने कहा, "संगीत को जब कुछ देने की खुशी से जोड़ दिया जाता है, तो जादुई सुकून मिलता है। आज शाम को यही हुआ। मैं प्रतिभाशाली सीईओज़ को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने इतनी उदारता से इस महान लक्ष्य में अपना सहयोग दिया। यह देखकर अच्छा लगा, कि बीमार बच्चों की मदद के हमारे इस प्रयास में इतने सारे लोग हमसे जुड़ गए।"

इस अवसर पर भाग लेने वाले सीईओज़ ने निम्न बातें कहीं:
वाई एम देवस्थली, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, एल एण्ड टी फाईनेंस होल्डिंग्सः यह एक बेहतरीन कॉन्सेप्ट है। ईवेंट हम सभी को काफी मनोरंजक लगी। हम सब प्रोफेशनल सिंगर्स नहीं हैं, पर अपनी प्रतिभा को दोबारा तलाश रहे हैं। शायद यह हमारे जीवन में दूसरी शुरुआत है और हम कई दशकों के बाद परफॉर्म कर रहे हैं।"

सिराज़ ए चैधरी, चेयरमैन, कारगिल इंडिया
"गरीब बच्चों को सपोर्ट करने के एक महान लक्ष्य को सपोर्ट करने के लिए अग्रणी कॉर्पोरेट प्रोफेशनल्स की म्यूज़िकल प्रतिभा को तलाश करना जेनेसिस फाउंडेशन का एक शानदार प्रयास है। मैं इस मनोरंजक शाम में भाग लेकर काफी प्रसन्न हूं, जो उनके जीवन में बदलाव लाएगी।"

पी बालाजी, डायरेक्टर रेगुलेटरी एवं एक्टर्नल अफेयर्स, वोडाफोन इंडिया लि
"जीएफ का कार्य बेहतरीन है। यह संगीत को एक महान लक्ष्य से जोड़ता है, जिसके लिए हम सभी एक साथ यहां इकट्ठा हुए हैं।"

रंजन चोपड़ा, सीईओ, टीम कंप्यूटर्स
"मैं बच्चों के लिए जेनेसिस फाउंडेशन के द्वारा किए गए कार्य को पसंद करता हूं। यह एक महान लक्ष्य के लिए महान काम है। मुझे इसमें इस लक्ष्य को पूरा करने की सोच और सामथ्र्य दिखाई दे रही है। वे यह काम पूरा करने में सक्षम हैं।"

जेनेसिस फाउंडेशन के द्वारा आयोजित इस फंड रेज़र ईवेंट से प्राप्त रकम को गंभीर रूप से बीमार बच्चों के इलाज में खर्च किया जाएगा। हाल ही में 2 वर्षीय मनोज बहेरे ने अपनी जन्मजात इंट्रा-कॉर्डिएक समस्या के लिए सर्जरी कराई। उनके पिता पीतांबर ओडिशा के एक किसान हैं और उनका परिवार मात्र 5000 रु. प्रतिमाह की आय पर अपना जीवन यापन करता है। मनोज इलाज का खर्च वहन नहीं कर सकते थे।

जेनेसिस फाउंडेशन के सहयोग से और मुंबई के सियॉन हॉस्पिटल में अच्छी देखभाल की बदौलत मनोज की सर्जरी सफल रही। जीएफ का मिशन है, कि मनोज जैसे हर बच्चे को उचित मेडिकल सहायता प्राप्त हो।

जेनेसिस फाउंडेशन के बारे में:
जेनेसिस फाउंडेशन कैंसर, कार्डिएक डिसऑर्डर, पोस्ट ऑर्गन ट्रांसप्लांट, थैलेसीमिया और एक्सट्रीम डिफॉर्मिटीज़ के क्षेत्रों में गंभीर रूप से बीमार निर्धन और अनाथ बच्चों को मेडिकल सहायता प्राप्त करने में वित्तीय मदद करता है। जीएफ के द्वारा इन पांच महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बच्चों को दी जाने वाली मदद

विशेष मेडिकल सहायता, स्वास्थ्य लाभ और सेहत की प्राप्ति, और एक्सटेंडेड उपचारों जैसे कीमो थेरेपी और सर्जरी के बाद फौलोअप दवाईयों आदि के लिए दी जाती है। हम जिंदगी को एक मौका देते हैं।

जेनेसिस फाउंडेशन के द्वारा अभी तक लगभग 650 गंभीर रूप से बीमार बच्चों को मदद दी जा चुकी है। इस फाउंडेशन के द्वारा सपोर्ट किए जाने वाले बच्चे उन परिवारों से हैं, जिनकी आय 10000 रु. प्रतिमाह से कम है और अभिभावक उनके इलाज का खर्च उठाने में समर्थ नहीं हैं।

इकट्ठा किए गए 100 प्रतिशत फंड गंभीर बीमारी से ग्रस्त बच्चों के इलाज में खर्च किया जाता है और इसके ओवर हेड खर्च को ट्रस्टी वहन करते हैं। जीएफ 1961 के इंकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80-जी के अंतर्गत रजिस्टर्ड है, जिसमें 50 प्रतिशत टैक्स छूट का प्रावधान है।

अधिक जानकारी के लिए विज़िट करें – www.genesis-foundation.net

मीडिया सम्पर्क: शैलेश नेवटिया – 9716549754